हांगकांग में जातीय अल्पसंख्यकों में गरीबी की स्थिति संबंधी रिपोर्ट 2014

कार्यकारी सारांश

हांगकांग

विशेष प्रशासनिक क्षेत्र

की सरकार

Economic Analysis Division
Economic Analysis and
Business Facilitation Unit
Financial Secretary's Office

Census and Statistics
Department

दिसंबर **2015**

यदि इस कार्यकारी सारांश के अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण में कोई असंगति या अनेकार्थता होती है तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा!

If there is any inconsistency or ambiguity between the English version and the Hindi version of this Executive Summary, the English version shall prevail.

कार्यकारी सारांश

परिचय

ES.1 एशिया का विश्व शहर होने के नाते हांगकांग कई भिन्न संस्कृतियों का मिश्रण समेटे हुए है, और यह अन्य जातीय मूल के लोगों को काम करने या यहां बसने के लिए आकर्षित करता है। उनमें से कुछ को निम्न शिक्षा एवं कौशल और साथ ही भाषायी अवरोध एवं सांस्कृतिक भिन्नता के कारण समुदाय के अनुकूल होने तथा उसमें एकीकार होने में खासी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और उन्हें सहायता की आवश्यकता वाले अधिक सुविधाहीन समूह के रूप में मान लिया जाता है। सरकार और गरीबी संबंधी आयोग (CoP) उनकी भलाई को अत्यधिक महत्व देते हैं। इस रिपोर्ट का उद्देश्य जातीय अल्पसंख्यकों (EMs) के अभिलक्षणों का विश्लेषण करना और उनकी गरीबी की स्थिति तथा गरीबी के प्रकारों के निष्कर्ष तक पहुंचना है जिससे अत्यधिक सुविधाहीन जातीय समूह(हों) और गरीबी के उच्चतम जोखिम वाले परिवार(रों) की पहचान की जा सके। रिपोर्ट प्रायोगिक निष्कर्षों के आधार पर नीति की विवक्षा के साथ पूर्ण होती है।

ES.2 जनसंख्या और सांख्यिकी विभाग (C&SD) की 2011 की आबादी की जनगणना के अनुसार, हांगकांग[i] की संपूर्ण जनसंख्या में चीनी जातीय लोगों की संख्या (93.5%) सर्वाधिक थी, जबकि EMs[ii] केवल 6.5% या 446 500 व्यक्ति ही थे। सार रूप में, EMs को निम्नलिखित तीन प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है:

(i) दक्षिणपूर्व एशिया के निवासी (लगभग 280 000 व्यक्ति): इनमें मुख्य तौर पर इंडोनेशियाई, फिलिपिनो और थाईलैंड के निवासी शामिल हैं, जो अधिकतर विदेशी घरेलू सहायक (FDHs) हैं;

(ii) दक्षिण एशिया के निवासी (SAs) (लगभग 60 000 व्यक्ति): इनमें मुख्य तौर पर भारतीय, पाकिस्तानी और नेपाली शामिल हैं, जबकि मामूली संख्या में श्रीलंका, बंग्लादेश आदि[iii] कि लोग भीशामिल हैं; और

(iii) पूर्वी एशिया के निवासी (लगभग 20 000 व्यक्ति) और अन्य विदेशी लोग (लगभग 60 000 व्यक्ति)[iv]**:** इनमें मुख्य तौर पर विकसित और उच्च–आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के लोग जैसे श्वेत लोग, जापानी और कोरियाई शामिल हैं।

---

i जब तक अन्यथा उल्लेख न हो इस रिपोर्ट के विश्लेषण में हांगकांग की संपूर्ण जनसंख्या घरेलू परिवारों में भूमि–आधारित समग्र जनसंख्या का उल्लेख करती है।

ii सांख्यिकीय सर्वेक्षणों में, प्रतिवादी की जातीयता स्व–पहचान से निर्धारित की जाती है। जातीयता का वर्गीकरण सांस्कृतिक मूल, राष्ट्रीयता, रंग और भाषा के जैसी संकल्पनाओं के उल्लेख से निर्धारित किया जाता है। चूंकि हांगकांग मुख्य रूप से चीनी समुदाय है, इसलिए "EMs" गैर–चीनी का उल्लेख करते हैं।

iii संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग द्वारा अंगीकार किए गए क्षेत्रों के वर्गीकरण के अनुसार, एसए देशों में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, भूटान, इरान और मालदीव शामिल हैं। आंकड़ें एकत्र करने की सीमाओं के कारण, इस रिपोर्ट में केवल पहले पांच जातीय समूहों का विश्लेषण शामिल है।

iv इसके अतिरिक्त, EMs में मिश्रित समूह के लगभग 30 000 लोग भीशामिल हैं जो विश्वसनीय तौर पर मिश्रित जातीयों के परिवारों में जन्मे थे।

ES.3 FDHs को छोड़कर, हांगकांग में EM की जनसंख्या 192 400 होती है जो संपूर्ण जनसंख्या का 2.9% (FDHs को छोड़कर) है। इंडोनेशियाई और फिलिपिनो जिनकी संख्या पूर्व में EMs में सर्वाधिक थी, सिकुड़ कर मात्र 18 400 व्यक्ति रह गई है। इसके बजाए 61 400 व्यक्तियों या जनसंख्या के 30% (31.9%) से अधिक होने के साथ SAs सबसे बड़ा जातीय समुदाय बन गए और उनके बाद श्वेत लोगों (27.8% या 53 400 व्यक्ति) का स्थान आता है।

ES.4 EM की जनसंख्या, 2001 और 2011 के बीच के दशक में 2.7% की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ तीव्रता से फैली है जो संपूर्ण जनसंख्या की 0.5% की वृद्धि से कहीं अधिक तीव्रता है। ध्यान देने योग्य विशेष बात थी इंडोनेशियाई FDHs की सर्वाधिक गोचर वृद्धि दर। FDHs को छोड़कर, EM जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर उल्लेखनीय रही, 2001 और 2011 के बीच औसतन 1.8%, जो मुख्य तौर पर SA समूहों की वृद्धि से चालित रही जिसके कारण औसत दर 4.1% तक पहुंच गई।

ES.5 *हांगकांग की गरीबी की स्थिति संबंधी रिपोर्ट 2014,* जो CoP द्वारा पृष्ठांकित गरीबी की रेखा के फ्रेमवर्क के आधार पर 2014 में हांगकांग की समग्र गरीबी की स्थिति को समझाती है और उसका विश्लेषण करती है। उस रिपोर्ट में अधिकांश आंकड़ों को घरों के सामान्य सर्वेक्षण जो C&SD का नियमित सर्वेक्षण है, से एकत्र किया गया था। तथापि, सर्वेक्षण के EMs से संबंधित घरेलू डेटा निरंतर आधार पर एकत्र न करने के कारण, उनकी गरीबी की स्थिति के विश्लेषण को इस रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है।

ES.6 इसके दृष्टिगत, यह रिपोर्ट हांगकांग में EMs की गरीबी की स्थिति की अधिक व्यापक तस्वीर और सादृश्य को प्रदान करने के लिए डेटा के विभिन्न स्त्रोतों का संदर्भ ग्रहण करती है। विश्लेषण में दो भाग शामिल हैं:

(i) हांगकांग में EMs का सक्षिप्त विवरणः जनसंख्या की 2011 की जनगणना के आधार पर, हांगकांग में प्रमुख EM समूहों के जनसांख्यिकी तथा सामाजिक–आर्थिक अभिलक्षणों का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न जातीय समूहों की गरीबी के आंकड़ों का अधिक सुविधाहीन EM समूह(हों) की पहचान करने तथा समझने के लिए गरीबी के उनके रूपों के अध्ययन के साथ अनगढ़ तरीके से अध्ययन किया गया है; और

(ii) बच्चों वाले SA परिवारों में गरीबी की स्थितिः 2014 में C&SD द्वारा आरंभ किए गए दक्षिण एशियाई जातीय समुदायों के स्कूली बच्चों वाले परिवारों के सर्वेक्षण के आधार पर, बच्चों वाले SA घरों में गरीबी की स्थिति का विश्लेषण तथा अद्यतन पर ध्यान केंद्रित किया गया जो नीति की प्रभाविता की समीक्षा के साथ समाप्त हुआ।

हागकांग में जातीय अल्पसंख्यकों का संक्षिप्त विवरण

ES.7 जनसंख्या की जनगणना के आधार पर, 2011 में हांगकांग में 192 400 गैर-FDH[v] Ems 85 300 EM परिवारों[vi] में निवास कर रहे थे। संपूर्ण जनसंख्या की तुलना में, Ems ने विशिष्ट जनसांख्यिकी और सामाजिक–आर्थिक विशेषताओं का प्रदर्शन किया जिसमें सभी जातीय समूहों में उल्लेखनीय तौर बदलाव भी होता है।

ES.8 जनसांख्यिकी और सामाजिक अभिलक्षणों के संबंध में, EMs में प्रासंगिक तौर पर युवा जनसंख्या संरचना थी जिसमें जनसंख्या का उम्रदराज होना अभी आरंभ होना शेष था, और विवाह तथा कम आयु में विवाह दोनों आम थे। अनेक तो हांगकांग में ही वास करने लगे थे और कुछ तो यही पैदा हुए थे और उनका पालन–पोषण भी स्थानीय ही था। ये अभिलक्षण में SAs अधिक विशिष्ट थे। शिक्षा के संबंध में, SAs और दक्षिणपूर्व एशियाई लोगों जैसे पाकिस्तानियों, नेपालियों और थाई लोगों में श्वेतों, जापानी/कोरियाई तथा भारतीय की तुलना में स्तंभित कर देने वाली हद तक कम शिक्षा प्राप्ति पाई गई थी। यह नोट करना उल्लेखनीय है कि उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के संबंध में पाकिस्तानी और नेपाली युवाओं में कम अनुकूल स्थिति देखी गई थी।

ES.9 विश्लेषण यह भी खुलासा करता है कि जातीय समूहों के बीच परिवारों[vii] के आकार में उल्लेखनीय बदलाव था। SA परिवारों में परिवार का आकार औसतन 3.3 व्यक्ति था जो सभी EM परिवारों तथा समग्र परिवारों के औसत (क्रमशः 2.7 व्यक्ति और 2.8 व्यक्ति) से अधिक था। SA परिवारों में पाकिस्तानियों और नेपालियों के परिवार बड़े थे। ऐसा मुख्य रूप से घरों में बच्चों की अधिक संख्या के कारण था, उदाहरणार्थ एक–तिहाई से अधिक पाकिस्तानी परिवारों में 3 या अधिक बच्चे थे।

ES.10 निजी स्थायी आवास (निजी आवास) में रहने वाले परिवारों का अनुपात 77.9% था, जबकि कुछ जातीय समूहों में सार्वजनिक किराया आवास (PRH) अधिकार (उदाहरणार्थ पाकिस्तानियों और थाई लोगों के परिवार) में उच्चतर हिस्से की रिपोर्ट की गई थी। इसके अतिरिक्त, निजी आवास में अधिकांश परिवार किराएदार थे। इसके अलावा, व्यापक सामाजिक सुरक्षा सहायता (CSSA) के प्राप्तकर्ता आम तौर पर सबसे ज्यादा कुछ और दक्षिणपूर्व के एशियाई लोगों (उदाहरणार्थ इंडोनेशियाई और पाकिस्तानी) में पाए गए थे।

ES.11 आर्थिक अभिलक्षणों का गरीबी की स्थिति से करीबी संबंध है। जातीय समूहों में उन अभिलक्षणों की जांच एवं तुलना की गई जिससे उनकी गरीबी की स्थिति को समझने में सहायता हो सके:

---

v जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए, FDHs को इस रिपोर्ट के आंकड़ों से बाहर रखा जाता है।

vi कम से कम एक गैर-FDH EM सदस्य वाले घरेलू परिवार। सभी सदस्य EM व्यक्ति नहीं थे।

vii एकल जातीयता के परिवार अधिक प्रभावी ढंग से अलग–अलग जातीय समूहों के अभिलक्षणों को प्रतिबिंबित एवं उजागर करते थे। सरल एवं केंद्रित विश्लेषणों को सुकर बनाने के लिए, इस रिपोर्ट में परिवारों के लिए आंकड़ों को एकल जातीयता पर आधारित किया गया है। जातीय संरचना के विस्तृत विश्लेषण और परिवारों के वर्गीकरण के लिए **परिशिष्ट 1** देखें।

(i) **श्रम बल में विविध स्तर की सहभागिता:** पाकिस्तानियों को छोड़कर, EM पुरुषों की श्रम बल सहभागिता दरें (LFPRs) सामान्य तौर पर समग्र पुरुष औसत से अधिक थी, जबकि अधिकांश पाकिस्तानी महिलाएं श्रम बाजार से बाहर थीं। नेपालियों में, चाहे कोई भी लिंग हो, LFPR उच्चतर थी और अनेक नेपाली युवकों ने कार्यबल में शामिल होने के लिए छोटी आयु में ही स्कूल छोड़ दिया था।

(ii) **व्यवसाय वितरण के एवज में शैक्षणिक उपलब्धि:** सर्वाधिक शिक्षित श्वेत, जापानी/कोरियाई और भारतीय बड़े स्तर पर अत्यधिक कुशल कामगार[viii] थे। इसके वितपरीत, अन्य SAs और दक्षिणपूर्व एशियाई मुख्य तौर पर अल्प–कौशल के कार्यों में लगे थे। विशेष रूप से, पाकिस्तानियों, नेपालियों, थाई लोगों और इंडोनेशियाई की भारी संख्या (35% से 40% तक) साधारण व्यवसायों में लगे थे।

(iii) **श्रोजगार से अर्जन और परिवार की आय में भिन्नताएं:** श्रम बाजार में श्वेत, जापानी/कोरियाई और भारतीय गोचर उच्च अर्जन के साथ बेहतर स्थिति में थे जबकि 60% से अधिक कमाऊ पाकिस्तानी, नेपाली, थाई और इंडोनेशियाई उनकी निम्न शैक्षणिक उपलब्धि और न्यून–कौशल वाले कामगार के उच्चतर अनुपात को देखते हुए समग्र मध्य से कम अर्जन कर रहे थे। जहां तक परिवारों की आय का संबंध है पाकिस्तानियों, थाई और इंडोनेशियाई परिवारों की आय काफी कम थी। उनके कमाऊ लोगों की प्रासंगिक रूप से कम कमाई के अलावा, ऐसा इन जातीय समूहों के बीच आर्थिक तौर पर सक्रिय परिवारों के न्यून अनुपात के कारण भी था।

ES.12 2011 के जनसंख्या जनगणना डेटा पर 2011 की गरीबी रेखाओं को लागू करते हुए, हस्तक्षेप पूर्व EM गरीबी 2011 में 13.9% अनुमानित थी जो उक्त अवधि के दौरान आवर्तक नकदी हस्तक्षेप के बाद 15.2% की समग्र गरीबी दर से कम थी। जातीय समूहों में, SAs की गरीबी दर 22.6% के साथ अपेक्षाकृत अधिक थी जो अनेक सामाजिक–आर्थिक समूहों में उन समग्र EMs से कहीं अधिक थी। उनकी गरीबी की स्थिति चिंताजनक है।

ES.13 उपरोक्त उल्लिखित अभिलक्षणों में भिन्नताओं को प्रतिबिंबित करते हुए, भिन्न SA समूहों की गरीबी की स्थिति में भी बदलाव हुआ है। भारतीय सामान्य तौर पर अधिक शिक्षित और अधिक–कुशल थे, और इसप्रकार उच्चतर आय का आंनद उठा रहे थे और उनकी गरीबी दर 9.7% थी। न्यून शैक्षणिक उपलब्धि और कौशल स्तरों के बावजूद, नेपालियों की प्रासंगिक तौर पर श्रम बल में अधिक भागीदारी थी तथा उनके कामकाजी परिवारों में औसतन दो कामकाजी सदस्य थे।

viii उच्चतर कौशल वाले कामगारों में मैनेजर और प्रशासक, पेशेवर और सहायक पेशेवर शामिल हैं।

इसप्रकार, वे अधिक पारिवारिक आय का आनंद उठा रहे थे तथा उनकी गरीबी दर 13.6% थी। इसके विपरीत, पाकिस्तानियों के रोजगार संबंधी अभिलक्षण नेपालियों की भांति थे। तथापि, श्रम बल में उनकी सहभागिता (खास तौर पर महिलाएं) प्रासंगिक तौर पर कम थी। उनके परिवार बड़े थे और उनमें अनके बच्चे थे जिनमें परिवार का बोझ उठाने वाले सदस्यों की संख्या सीमित थी। उनकी गरीबी की स्थिति जातीय समूहों में सर्वाधिक गंभीर थी और उनकी गरीबी की दर 50.2% तक पहुंच गयी थी।

ES.14 EMs में गरीबी के रूपों का अन्वेषण भी दर्शाता है कि गरीबी की दरे कामकाजी सदस्यों के उच्चतर अनुपात वाले और अधिक कमाऊ व्यक्तियों के परिवारों में कम थी। इसके अलावा, गरीबी का जोखिम सामान्य तौर पर उन जातीय समूहों में अधिक था जिनमें निर्भरता अनुपात उच्चतर था। यह नोट करना उल्लेखनीय है कि EM समूहों में परिवार के आकार के संबंध में काफी भिन्नता थी, यह खुलासा हुआ कि बड़े और अधिक संख्या में निर्भर बच्चों वाले SA समूह खुद को गरीबी से बाहर निकालने में अधिक कठिनाई का सामना कर रहे थे चाहे उनमें कामकाजी सदस्य थे। अतः, बच्चों वाले परिवारों में SA परिवारों के बीच गरीबी का जोखिम अत्यधिक था और कामकाजी गरीबों में उनके होने का दृश्य भी प्रासंगिक तौर पर सामान्य था। समाप्त करते हुए, SA समूह हांगकांग में सर्वाधिक सुविधाहीन EM समूह थे और बच्चों वाले उनके परिवारों में उच्चतर गरीबी का जोखिम दिखाई दिया था।

बच्चों वाले दक्षिण एशियाई परिवारों की गरीबी की स्थिति

ES.15 गरीबी के उच्चतर जोखिम के साथ बच्चों वाले SA परिवारों की स्थिति का विश्लेषण और अद्यतन करने के लिए, C&SD ने मई 2014 और जून 2015 के बीच समर्पित सर्वेक्षण संचालित किया।

ES.16 यह नोट करना होगा कि चूंकि सैंपलिंग फ्रेम छात्रों के साथ शिक्षा ब्यूरो (EDB) द्वारा दी गई जानकारी पर आधारित था, केवल SA परिवारों के बच्चों को जो सार्वजनिक या प्रत्यक्ष सब्सिडी योजना वाले सकेंडरी तथा प्राइमरी स्कूलों में जा रहे हैं, समर्पित सर्वेक्षण में कवर किया गया था, और गरीबी के कम जोखिम वाले कुछ SA परिवारों[ix] को समर्पित सर्वेक्षण में कवर नहीं किया गया था। इन सीमाओं को देखते हुए, गरीबी की स्थिति के विश्लेषण जैसा कि समप्रित सर्वेक्षण में प्रतिबिंबित किया गया है, को सभी SAs की गरीबी की स्थिति से सामान्यकृत नहीं किया जाना चाहिए।

ES.17 2014 में, बच्चों वाले 5 000 परिवार[x] थे। पाकिस्तानी परिवार सबसे बड़ा जातीय समूह थे (2 000 परिवार या 39.1%), उनके बाद नेपाली (1 700 परिवार या 33.1%) और भारतीय परिवार (1 100 परिवार या 21.7%) थे। बच्चों वाले SA परिवारों की जनसंख्या 24 000 थी। पाकिस्तानी, नेपाली

---

ix उदाहरणार्थ, 1–व्यक्ति वाले परिवारों, स्कूली बच्चों के बगैर परिवारों या प्राइमरी एवं सकेंडरी स्कूलों में जाने वाले बच्चों वाले परिवारों, तथा प्राइवेट और इंटरनेशनल स्कूलों में जाने वाले या विदेशों में अध्ययन करने वाले बच्चों से युक्त आर्थिक तौर पर अधिक सक्षम परिवारों को समर्पित सर्वेक्षण में कवर नहीं किया गया था।

x समर्पित सर्वेक्षण के लक्षयांकित परिवारों में बच्चों वाले सभी SA परिवारों को कवर नहीं किया गया। फिर भी, लक्षयांकित परिवारों को सरलीकृत एंग से सर्वेक्षण के निष्कर्षों तथा प्रासंगिक विश्लेषण में प्रस्तुत करने के लिए ''बच्चों वाले SA परिवार'' के तौर पर सामूहिक रूप से संदर्भित किया गया है।

और भारतीयों की संख्या क्रमशः 11 400, 7 000 और 5 000 थी, और उनका संबंधित हिस्सा 47.2%, 29.2% और 20.9% था।

ES.18 CoP द्वारा अपनाए गए गरीबी रेखा के फ्रेमवर्क के अनुसार बच्चों वाले SA परिवारों की गरीबी की स्थिति को परिमाणात्मक बनाते हुए, बच्चों वाले गरीब SA परिवारों की संख्या, नीतिगत हस्तक्षेप से पूर्व गरीब जनसंख्या का आकार और गरीबी की दर 2014 में क्रमशः 2 200, 11 600 और 48.1%[ष] थी। नीतिगत हस्तक्षेप (आवर्तक नकदी) के बाद, समनुरूपी आंकड़ों में उल्लेखनीय तौर पर 1 500, 7 400 और 30.8% तक कमी आ गई।

ES.19 स्रकारी की आवर्तक नकदी मदों ने 4200 लोगों का गरीबी से उत्थान किया, और गरीबी की दर को 17.3 प्रतिशत बिंदु तक कम किया। इस दौरान, नीतिगत हस्तक्षेप के बाद बच्चों वाले गरीब SA परिवारों का औसत गरीबी अंतराल $4,000 प्रति माह था, जो हस्तक्षेप–पूर्व आंकड़े में $5,200 की तीव्र कमी दर्शाता है। गरीबी दर में ऐसी कमियां और औसत मासिक गरीबी अंतराल दोनों समग्र आंकड़ों (समग्र कमी फ्मशः 5.3 बिंदु और $1,500 की थी) के तीन गुणा से अधिक है। यह बच्चों वाले SA परिवारों को उनके वित्तीय बोझ से राहत देने के लिए सरकार की आवर्ती नकदी नीतियों की प्रभावशीलता में प्रतिबिंबित करता है।

ES.20 फिर भी, 2014 हस्तेक्षप–पश्चात् (आवर्ती नकदी) बच्चों वाले SA परिवारों की गरीबी दर (30.8%) अभी भी हांगकांग में बच्चों वाले सभी समग्र SA परिवारों (16.2%) से अधिक है। गरीब परिवारों के दोनों समूहों के सामाजिक–आर्थिक अभिलक्षणों की तुलना बच्चों वाले गरीब SA परिवारों के अधिक विशिष्ट गुणों को रेखांकित करता हैः

(i) परिवार गोचर रूप से अधिक बड़े थेः बच्चों वाले गरीब SA परिवारों के 58.1% 5 व्यक्ति–और–उससे अधिक वाले परिवार थे, जबकि हांगकांग में बच्चों वाले समग्र गरीब परिवार का समनरूपी आंकड़ा केवल 15.4% था।

(ii) कामकाजी सदस्यों का अनुपात काफी कम थाः बच्चों वाले गरीब SA परिवारों में गरीब जनसंख्या का 13.8% रोजगार पर था, जबकि हांगकांग में बच्चों वाले समग्र गरीब परिवारोंका समनरूपी हिस्सा 22.1% था। यद्यपि पूर्व CSSA प्राप्तकर्ता का अनुपात प्रासंगिक तौर पर अधिक (मुख्य तौर पर अल्प–आय और बेरोजगारी की प्रकृति के कारण) था, वे अभी भी सामान्य तौर पर आत्मनिर्भर थे। परिवार के बड़े आकार के कारण उनका भारी वित्तीय बोझ उनकी उच्चतर गरीबी दर में अंशकारी कारक रहा।

(iii) अत्यधिक गंभीर बेरोजगार की स्थितिः बच्चों वाले गरीब SA परिवारों में बेरोजगारी की दर (16.6%) हांगकांग में गरीब बच्चों वाले परिवारों की स्थिति (11.1%) की तुलना में बेशक अधिक थी, ऐसा विशेष तौर पर नेपाली लोगों के लिए लागू होता था। पाकिस्तानियों में भी न्यून LFPR के साथ बेरोजगारी की दर अधिक थी।

(iv) निष्प्रभावी रोजगार अर्जनः कम शिक्षा प्राप्त करने और कुशलता का स्तर कम होने के कारण बच्चों वाले गरीब SA परिवारों की मासिक आय में अंशकालिक कामगारों के न्यून अनुपात/काम करने के ज्यादा घंटे होने की वजह खासा सुधार नहीं हुआ था।

ES.21 2014 में नीतिगत–हस्तक्षेप पूर्व और पश्चात् (आवर्ती नकदी) जनसांख्यिकी और सामाजिक–आर्थिक अभिलक्षणों से युक्त बच्चों वाले SA परिवारों में निम्नलिखित प्रमुख अवलोकन इंगित होते हैंः

(i) हस्तक्षेप–पश्चात् गरीब जनसंख्या में पाकिस्तानी 68.8% (या 5 100 व्यक्ति) थे जबकि बच्चों का हिस्सा भी 55.7% (या 4 100 व्यक्ति) था। नीतिगत हस्तक्षेप के पश्चात्, गरीबी जनसंख्या और गरीबी की दर में सभी जातीय समूहों में काफी कमी आई थी, लेकिन पाकिस्तानियों तथा बच्चों की गरीबी दर क्रमशः 44.8% और 34.7% के साथ उच्च रही।

(ii) हस्तक्षेप–पूर्व गरीब जनसंख्या के उल्लेखनीय भाग को CSSA (59.5%) प्राप्त होता था या PRH (63.5%) में निवास करता था। आवर्ती नकदी उपायों ने पर्याप्त तौर पर दोनों समूहों की गरीबी दरों में पर्याप्त रूप से क्रमशः 46.9% और 38.4% तक कम हुई थी, लेकिन अभी भी यह अन्य परिवार समूहों की तुलना में अधिक है।

(iii) कामकाजी परिवारों की गरीबी दर नीतिगत हस्तक्षेप के बाद 22.3% थी जो आर्थिक तौर पर निष्क्रिय परिवारों के 89.3% से काफी कम है। यह गरीबी के जोखिम को कम करने में रोजगार की प्रभावशीलता को प्रमाणित करता है।

(iv) कामकाजी परिवारों में, 5 या अधिक सदस्यों वाले बड़े परिवारों का हिस्सा 60.0% से अधिक था जबकि CSSA प्राप्तकर्ता 17.7% थे जो कामकाजी परिवारों में गरीबी की स्थिति के संबंध में बड़े परिवारों की स्थिति (और यहां तक कि CSSA कामकाजी परिवारों) को प्रतिबिंबित करते थे।

ES.22 आवर्ती नकदी नीतियों के अलावा, गैर–आवर्ती नकदी और उसी रूप में नीतियां बच्चों वाले SA परिवारों की गरीबी की स्थिति का उत्थान करने में प्रभावी हुई हैं। चूंकि इन परिवारों का उल्लेखनीय अनुपात PRH में निवास करता है, यह उसी रूप में नीतियों के शानदार प्रभाव को भी प्रमाणित करता है।

ES.23 समर्पित सर्वेक्षण में भाषा के उपयोग और समुदाय की भागीदारी के संबंध में भी डेटा एकत्रित किया गया था। यह रिपोर्ट बच्चों वाले SA परिवारों में गरीबी के अंतर्गत जनसंख्या के इन अभिलक्षणों का हवाला भी देती है। मुख्य अवलोकन निम्नलिखित हैं:

- **भाषा उपयोग:** पढ़ाई में या काम पर उनके चीनी और अंग्रेजी भाषा के सामान्य उपयोग के विपरीत वे आमतौर पर घर पर मातृभाषा में बात करते थे। साधारणतया वे चीनी भाषा की तुलना में अंग्रेजी में अधिक प्रवीण थे, और पढ़ने और लिखने की तुलना में बोलने और सुनने में कहीं अधिक बेहतर थे। उनके बच्चे व्यस्कों की अपेक्षा अंग्रेजी और चीनी भाषा में अधिक निपुण थे, लेकिन व्यस्कों की तुलना में अपनी मातृभाषा में पढ़ने और लिखने में अधिक कमजोर थे। जबकि गरीबी के अंतर्गत अधिकांश व्यक्तियों ने पढ़ाई में या काम पर किसी भी कठिनाई का संकेत नहीं दिया, वे लोग जिन्हें इस तरह की मुश्किलें हुई हैं उन्होंने ज्यादातर चीनी भाषा के उनके उपयोग को जिम्मेदार ठहराया है।

- **समुदाय समेकन:** उन्होंने कुछ हद तक स्थानीय लोगों के साथ सामाजिक नेटवर्क विकसित कर लिया था, और युवाओं के नेटवर्क अधिक व्यापक थे। फिर भी,ै ो के बीच मतदान पंजीकरण की कम दरें उनकी समुदाय में भागीदारी के निचले स्तर को दर्शाती हैं, जबकि उनमें से आधे से ज्यादा लोगों ने हांगकांग से संबंध रखने की अच्छी समझ को व्यक्त किया है, विशेष रूप से युवा पीढ़ी ने। इसके अतिरिक्त, उनमें से न्यून पक्ष ने जिन्होंने सरकारी सेवाओं का उपयोग करने के दौरान कठिनाईयों का सामना किया है भाषा और संवाद का प्रमुख बाधाओं के रूप में उल्लेख किया है। कई लोगों ने कुछ समर्थन सेवाओं के लिए उनकी अनभिज्ञता का संकेत दिया है, और वे अप्रत्यक्ष रूप से यह भी दर्शा रहे हैं कि भाषा बाधायें उन्हें कुछ मौजूद समर्थन सेवाओं के बारे में सीखने से रोक सकती हैं।

ES.24 हस्तक्षेप के बाद बच्चों वाले गरीब SA परिवारों के सदस्यों को विभिन्न समर्थन सेवाओं की अधिक आवश्यकता थी। गरीबी के नीचे रहने वालो इन समूहों के बीच में, बच्चों और व्यस्कों की उल्लेखनीय संख्या ने PRH और सरकारी सब्सिडी के लिए उनकी आवश्यकता का संकेत दिया है। गरीबी के नीचे के इन परिवारों के बच्चों का एक उच्च अनुपात ने अपनी इच्छा सूची में ट्यूशन सेवाओं और चीनी भाषा पाठ्यक्रमों को रखा है, जबकि गरीब व्यस्कों ने चीनी भाषा पाठ्यक्रमों और कैरियर प्रशिक्षण समर्थन माँगा है।

प्रमुख अवलोकन

ES.25 यह रिपोर्ट सबसे पहले 2011 की जनगणना के परिणामों के आधार पर हांगकांग में प्रमुख जातीय समूहों की जनसांख्यिकीय और सामाजिक–आर्थिक विशेषताओं का विश्लेषण और तुलना करती है,

फिर समर्पित सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर बच्चों वाले SA परिवारों की गरीबी की स्थिति पर केंद्रित विश्लेषण और अद्यतन प्रदान करती है। इस बीच, जैसा उचित हो गरीबी रेखा के विश्लेषणात्मक ढांचे को लागू करके, यह रिपोर्ट EMs की गरीबी की स्थिति का सिंहावलोकन प्रस्तुत करती है, विशेष रूप से उन SA समूहों को जो अधिक गरीबी संकट में हैं। निम्नलिखित छह प्रमुख अवलोकन बनाए जा सकते हैं.

ES.26 **अवलोकन 1. EM समूहों द्वारा सामान किया जा रहा गरीबी संकट स्पष्ट रूप से अलग–अगल है, SAs (विशेष रूप से वे परिवार जिनमें बच्चे हैं) अधिक गंभीर संकट में हैं:**

- *समस्त EMs:* गरीब परिवारों की संख्या, गरीब आबादी का आकार और नीति हस्तक्षेप से पहले और बाद में म्डे की गरीबी की दर के 2011 के अनुमान निम्नलिखित थेः

  - नीति हस्तक्षेप से पूर्व : 11 200 परिवार, 30 400 व्यक्ति और 15.8%; और
  - नीति हस्तक्षेप के बाद : 9 800 परिवार, 26 800 व्यक्ति और 13.9%.

  हस्तक्षेप के बाद EMs की गरीबी की दर (13.9%) आवर्ती नकदी हस्तक्षेप के बाद क्षेत्र–व्यापी गरीबी की दर (15.2%) से कम थी। तथापि, जातीय समूहों में व्यापक भिन्नताएं देखी गई थी।

- ***SAs:*** EM की गरीब जनसंख्या का आधे से अधिक SAs थे, जिनकी गरीबी दर जातीय समूहों में उच्च थी। 2011 के अनुमान में गरीब परिवारों, गरीब जनसंख्या के आकार और की गरीबी दर निम्नलिखित थीः

  - नीति हस्तक्षेप से पूर्व : 3 800 परिवार, 16 200 व्यक्ति और 26.4%; और
  - नीति हस्तक्षेप के बाद : 3 300 परिवार, 13 900 व्यक्ति और 22.6%.

  बच्चों वाले SA परिवार और भी अधिक गरीबी जोखिम के अध्यधीन थे।

- ***बच्चों वाले SA परिवारः*** बच्चों वाले SA परिवारों पर फोकस करते हुए, 2014 में नीतिगत हस्तक्षेप से पूर्व और बाद में गरीब परिवारों की संख्या, गरीब जनसंख्या का आकार और गरीबी की दर निम्नलिखित थीः

  - नीति हस्तक्षेप से पूर्व : 2 200 परिवार, 11 600 व्यक्ति और 48.1%;
  - नीति हस्तक्षेप (आवर्ती नकदी) के बादः 1 500 परिवार, 7 400 व्यक्ति और 30.8%;
  - नीति हस्तक्षेप (आवर्ती + गैर–आवर्ती नकदी) के बादः 1 400 परिवार, 6 600 व्यक्ति और 27.6%; और
  - नीति हस्तक्षेप (आवर्ती नकदी+ उसी रूप में) के बादः 900 परिवार, 4 100 व्यक्ति और 17.2%.

नीति हस्तक्षेप (आवर्ती नकदी) के बाद, गरीब जनसंख्या में पाकिस्तानियों की संख्या लगभग 70% (5 100 व्यक्ति) थी और वे 44.8% की गरीबी दर के अध्यधीन थें जो सभी SA समूहों में उच्चतम है।

ES.27 **अवलोकन 2: जनसांख्यिकीय प्रोफाइल के मामले में ज्यादातर SAs बड़े परिवार वाले युवा थे:**

- *समस्त EMs:* 2011 में, समस्त EMs और SAs की आबादी का लगभग 30% बच्चे थे, जो कि सारी आबादी के 16% से बहुत अधिक थे, जबकि बुजुर्ग कम थे। इस तरह का जनसांख्यिकीय प्रोफाइल शिक्षा और रोजगार में समर्थन करने वाली नीतियों के लिए अधिक आवश्यकता का संकेत करता है।

- ***बच्चों वाले SA परिवार:*** 2014 में बच्चों के साथ SA परिवार का औसतन आकार 4.8 व्यक्ति था. इन परिवारों में से आधे से ज्यादा (51.9%) परिवार 5 या 5 से अधिक सदस्यों के बड़े परिवार थे, जबकि हांगकांग में बच्चों के साथ समग्र परिवारों का समरूपी अनुपात केवल लगभग पांचवा हिस्सा (19.1%) था. बच्चों के साथ`। परिवारों के बीच, पाकिस्तानी परिवारों का बड़े परिवारों का सबसे बड़ा हिस्सा था, 80% (81.8%) से ज्यादा परिवारों में 5 या 5 से अधिक सदस्य थे।

ES.28 **अवलोकन 3: रोजगार गरीबी से दूर रहने का सबसे अच्छा रास्ता है, लेकिन उच्च निर्भरता अनुपात काम करने वाले परिवारों को गरीबी से बाहर निकलने में अधिक कठिन बना देता है:**

- ***रोजगार गरीबी संकट को कम कर सकता है:*** यदि उनमें से अधिक लोग रोजगार या उच्च–कौशल की नौकरियों को अपनाते हैं तो EMs कम गरीबी संकट के अधीन हो सकते हैं। यह स्पष्ट है कि जड़ से गरीबी उन्मूलन के लिए आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कौशल उन्नयन प्रमुख मूल सिद्धांत हैं।

- ***SA परिवार अधिक गरीबी संकट के अधीन हैं:*** यद्यपि SA परिवार आमतौर पर आत्मनिर्भर होते हैं, फिर भी वे अधिक गरीबी संकट के अधीन हैं क्योंकि वे अकसर अपेक्षाकृत कम परिवार के सदस्यों के समर्थन पर निर्भर होते हैं। कम शिक्षा प्राप्ति से विवश, उनके काम करने वाले सदस्य ज्यादातर कम–कौशल वाली नौकरियां अपनाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सीमित रोजगार आय और परिवारिक आय होती है। कम LFPR लेकिन उच्च अंशकालिक अनुपात के साथ, उनकी महिलाओं का परिवार की आय में योगदान उल्लेखनीय नहीं था। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तानियों में उच्च बेरोजगारी दर के साथ कम LFPR पाया गया है।

ES.29 **अवलोकन 4: जबकि सरकार की नीतियों के हस्तक्षेप के बाद SAs की गरीबी दर उल्लेखनीय ढंग से कम हुई है, फिर भी कुछ बड़े SA परिवारों के लिए गरीबी से निकलना मुश्किल है:**

- ***आवर्ती नकद नीतियाँ आमतौर पर सहायक थीः*** गरीब SAs आमतौर पर पुनरावर्ती नकद नीतियों, विशेष रूप से CSSA और शिक्षा लाभ, से लाभ उठाते थे, जबकि कुछ जातीय समूहों को (जैसे पाकिस्तानी) PRH प्रावधान से अधिक लाभ हुआ है।
- कामकाजी गरीब आम थाः नीति हस्तक्षेप के बाद, बच्चों वाले 62.4% गरीब SAs परिवार कामकाजी परिवार थे, जो 22.3% की गरीबी दर को प्रस्तुत कर रहे थे जो हांगकांग में 12. 4% समग्र कामकाजी बच्चों वाले परिवारों से बहुत अधिक है। इन परिवारों में से 17.7% CSSA प्राप्त करते थे।

ES.30 **अवलोकन 5: SAs की शैक्षिक योग्यता कम थी, स्थानीय समुदाय में समेकन के लिए भाषा की प्रवीणता उनकी प्रमुख बाधा थीः**

- ***चीनी पढ़ने और लिखने में कम प्रवीणताः*** SA बच्चे और व्यस्क दोनों चीनी पढ़ने और लिखने में कम प्रवीण थे। पढ़ाई या काम पर चीनी भाषा के उपयोग ने उनके समक्ष एक बड़ी चुनौती रखी।
- ***कम शैक्षिक योग्यता के माता–पिताः*** SA व्यस्कों में कम शैक्षिक योग्यता और कमजोर चीनी प्रवीणता उन्हें उनके बच्चों की शिक्षा (जैसे स्थानीय शिक्षा पर सूचना प्राप्त करने या स्कूलों के साथ संपर्क करने) को समझने और साथ ही उनकी सूचना (जैसे समर्थनकारी सेवाओं संबंधी सूचना) की पहुंच में बाधायें पेश कर सकती थी।
- *सकेंडरी शिक्षा के बाद शिक्षा प्राप्त करने की कम दरः* कुछ SA युवाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा के बाद शिक्षा प्राप्त करना आम बात नहीं थी। अपेक्षाकृत कम उम्र में श्रम बाजार में उनकी भागीदारी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

ES.31 **अवलोकन 6: संभवतः भाषा संबंधी बाधाओं की वज़ह से SAs के बीच समुदाय में भागीदारी का परिमाण और समर्थन सेवाओं या वित्तीय सहायता का उपयोग अपेक्षाकृत कम हैः**

- ***समुदायिक भागीदारीः*** मतदाता पंजीकरण की दर उनकी सीमित समुदाय में भागीदारी का संकेत थी।
- समर्थन सेवाएंः EMs के लिए समर्पित कुछ समर्थन सेवाओं के उपयोग के बारे में जब SAs पूछा गया तब बहुत सारी SAs ने संकेत दिया कि उन्हें ऐसी सेवाओं की जानकारी नहीं थी। इसके अलावा, उन्होंने सार्वजनिक सेवाओं के उपयोग के दौरान उन द्वारा सामना की गई कठिनाईयों में भाषा बाधाओं को प्रमुख कारण बतलाया।
- वित्तीय सहायताः काम प्रोत्साहन परिवहन सब्सिडी (WITS) योजना से लाभ प्राप्त कर रही कार्यकारी गरीब SAs का अनुपात कुछ हद तक कम था। आय सीमा को पूरा कर रहे परिवारों में, कामकाजी गरीब लोगों में से केवल लगभग 6% ने ही सब्सिडी के लिए आवेदन किया है।

इसलिए नीतिगत हस्तक्षेप की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए, नीतिओं और सहायता सेवाओं की अधिक वृद्धि को SAs पर लक्षित किया जाना चाहिए।

नीति संबंधी बाधाएं

ES.32 सरकार गरीबी उन्मूलन को काफी गंभीरता से लेती है, विशेष रूप से कैसे EMs सहित वंचितों की आवश्यकताओं का बेहतर ढंग से ध्यान रखना है। उन्हें हांगकांग में जीवन के लिए अनुकूल बनाने हेतु, सरकार विभिन्न ब्यूरों और विभागों के माध्यम से EMs की आवश्यकताओं के लिए अच्छी तरह से अनुकूल लक्षित समर्थन उपायों को प्रस्तुत करना जारी रखेगी।

ES.33 रोजगार और प्रशिक्षण का समर्थनः गरीबी संकट घनिष्ट रूप से रोजगार से जुड़ा हुआ है। जबकि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कौशल उन्नयन जड़ से गरीबी उन्मूलन के लिए सहायक हैं, श्रम विभाग (LD), रोजगार पुनर्प्रशिक्षण बोर्ड और व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद EMs के रोजगार समर्थन के लिए सेवाएं प्रदान करना और उनके कौशल और आय में वृद्धि की सुविधा के लिए उचित नौकरी से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना जारी रखेगा।

ES.34 **शिक्षा समर्थनः** शिक्षा कई पीढ़ियों की गरीबी उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण है। अपेक्षाकृत युवा म्ड आबादी को देखते हुए, हमारी समग्र भविष्य जनशक्ति की गुणवत्ता में सुधार के लिए हांगकांग की इस नई पीढ़ी को अधिक समर्थन प्रदान किया जाना चाहिए। EMs के समुदाय में समेकन और माध्यमिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए चीनी भाषा में प्रवीणता महत्वपूर्ण है। EDB गैर–चीनी बालने वाले विद्यार्थियों और माता–पिता के लिए समर्थन को मजबूत करना जारी रखेगा।

ES.35 कल्याण सेवाएंः जहां तक कल्याण सेवाओं का संबंध है, सभी जरूरतमंद हांगकांग निवासी, उनकी राष्ट्रीयता या जाति पर ध्यान दिए बिना, जब तक वे पात्रता मापदंड और आवश्यकताओं को पूरा करते हैं सामाजिक कल्याण सेवाओं की बराबर पहुंच का लाभ उठाते हैं। श्रम और कल्याण ब्यूरो स्थानीय समुदाय में EMs के समेकन के लिए परिवार और बाल कल्याण सेवाओं, युवा लोगों हेतु सेवाओं, चिकित्सीय सामाजिक सेवाओं, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आदि सहित विभिन्न सेवाओं के माध्यम से EMs की सहायता करना जारी रखेगा, फलस्वरूप श्रम और कल्याण ब्यूरो उनकी समायोजन समस्याओं के उन्मूलन और उनकी सामाजिक कार्य पद्धति और आत्मनिर्भरता की क्षमता को बढ़ाने में मदद कर रहा है।

ES.36 और इसी तरह से, जरुरतमंदों की बेहतर ढंग से सेवा करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग, LD और कार्यकारी परिवार भत्ता कार्यालय म्डे की जागरूकता और इस तरह की योजनाओं की

समझ को बढ़ाने के लिए मौजूदा योजनाओं (WITS योजना सहित) और मई 2016 में शुरू हो रही कम–आय कार्यकारी परिवार भत्ता योजना को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाना जारी रखेगा।

ES.37 **समुदाय की भागीदारी और समेकनः** हांगकांग में अपनी जड़ें जमाने के बाद, स्थानीय तौर पर कई EMs पैदा हुए और उनका पालन–पोषण हुआ था। वे पहले से ही हमारे समाज का सदस्य बन चुके हैं। उनके लिए समुदाय में समाहित होना और संतोष के साथ रहना और काम करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार EMs के बीच समुदाय सामंजस्य को बढ़ावा देना और सार्वजनिक सेवाओं का उपयोग करने में उनकी सहायता करते हुए उन्हें समर्थन देना जारी रखेगी। अधिक प्रभावी और उपयोगी समर्थन नीतियों के कार्यान्वयन के लिए गृह मामले ब्यूरो द्वारा EMs (विशेष रूप से SAs) पर लक्षित प्रचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

ES.38 **निरंतर निगरानीः** सरकार को सर्वेक्षणों के माध्यम जैसे जनगणना/जनगणना द्वारा नियमित आधार पर उनकी गरीबी की स्थिति की निगरानी करनी होगी। C&SD द्वारा मध्य 2016 में जनगणना द्वारा जनसंख्या संचालित की जाएगी और उसके परिणाम 2017 में जारी किए जाएंगे। डेटा EMs (विशेष रूप से SAs) की गरीबी की स्थिति की निगरानी के लिए सांख्यिकीय अद्यतन प्रदान करेगा।